# बिहार सरकार

**बिहार गजेटियर्स**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना

"बिहार के जल निकायों के राज्य–स्तरीय एवं जिला–स्तरीय (अंचलवार) गजेटियर–सह–एटलस" "STATE LEVEL AND DISTRICT LEVEL (CIRCLE WISE) GAZETTEER-CUM-ATLAS OF WATER BODIES OF BIHAR" के मानचित्रण, डिजाइनिंग, प्रकाशन एवं मुद्रण का कार्य (अनुक्रमणिका सहित) के लिए प्रस्ताव–सह–रुचि की अभिव्यक्ति हेतु अनुरोध

**निविदा–प्रपत्र**

निविदा अधिसूचना संख्या : 03/2025–26

टेलीफोन नंबर: 9470092436/9934400209

ई–मेल : revgazetteerbihar@gmail.com

वेबसाइट : state.bihar.gov.in/lrc

26.02.26

26/02/2026

63

विषय सूची


खंड 1: परिचय 5

अनुभाग 2: प्रस्ताव हेतु अनुरोध

2.1. परियोजना का उद्देश्य 5

2.2. परियोजना की आवश्यकता 6

2.3. कार्य विवरण (SOW) 6

2.4. प्रदाय प्रकाशन का विवरण 6

2.5. कार्य का दायरा 7

2.6. निविदादाता की योग्यता 7

2.7. वित्तीय योग्यता 8

2.8. मुद्रण 8

2.9. निविदा मूल्य और प्रक्रिया 8

2.10. RFP अनुसूची : महत्वपूर्ण तिथियाँ (NIT: निविदा आमंत्रण सूचना) 9

2.11. निविदा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी 11

2.12. ई–टेंडरिंग प्रक्रिया से संबंधित निर्देश 11

खंड 3: निविदादाताओं के लिए निदेश

3.1. सामान्य 12

3.2. अनुपालन प्रस्ताव/प्रतिक्रिया की पूर्णता 13

3.3. निविदा संबंधी प्रश्न और निविदा–पूर्व बैठक 13

3.4. शुद्धि पत्र जारी करना 14

3.5. बयाना राशी जमा 14

3.6. EMD जमा करने का तरीका 15

3.7. विलंबित बोलियां और निविदा वैधता अवधि 15

3.8. निविदा प्रक्रिया समाप्त करने का अधिकार 15

3.9. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की विधि 16

3.10. निविदा जमा करने का प्रारूप 16

3.11. प्रदाय सामग्री (प्रकाशित होने वाले गजेटियर–सह–एटलस) की विशिष्टियाँ 17

3.12. बिहार खरीद अधिमानता नीति, 2024 17

3.13. भाषा 17


26/02/26

(62)


3.14. मुद्रा 17

3.15. गोपनीयता 17

3.16. अन्य शर्तें 17

खण्ड 4 : निविदा प्राप्ति की पद्धति

4.1. निविदा खोलना 18

4.2. मूल्यांकन प्रक्रिया 19

4.3. तकनीकी–योग्यता मानदंड 20

4.4. तकनीकी निविदा 22

4.4.1. तकनीकी निविदा खोलना 22

4.4.2. तकनीकी बोलियों का मूल्यांकन 22

4.4.3. तकनीकी मूल्यांकन प्रारूप 24

4.4.4. स्पष्टीकरण 25

4.5. अनुबंध प्रक्रिया 25

4.5.1. निरस्तीकरण अधिकार 25

4.5.2. स्वीकृति पत्र 25

4.5.3. अनुबंध पर हस्ताक्षर 26

4.5.4. निष्पादन बैंक गारंटी 26

4.5.5. RFP/अनुबंध की शर्तों एवं नियमों से असहमति 27

अनुभाग 5: कार्य का दायरा

5.1. सारांश 27

5.2. कार्य आवंटन 27

5.3. अपेक्षित कार्यों 27

5.4. दरों का निर्धारण 28

5.5 भुगतान की शर्तें 28

5.6 परियोजना (प्रदाय) अवधि 29

अनुभाग 6 : अनुबंध की सामान्य शर्तें

6.1 कर एवं शुल्क 29

6.2 अप्रत्याशित घटना 29

6.3 विवादों का समाधान 30




26/02/26

(61)


6.4 विभाग के प्रति दायित्व की सीमा 30

6.5 परिसमापन हर्जाना 30

6.6 हित संघर्ष 31

6.7 नवीनीकरण अथवा हस्तान्तरण 31

खंड 7 : अनुलग्नक

अनुलग्नक I :निविदा पूर्व प्रश्न भेजने का प्रारूप

7.1. निविदादाताओं का नाम 31

अनुलग्नक II : पूर्व–योग्यता निविदा के लिए निदेश

7.2. प्री–क्वालिफिकेशन के लिए अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों की चेक–लिस्ट 32

अनुलग्नक III : निविदादाता का विवरण साझा करने के लिये निर्देश

7.3. निविदादाता का विवरण साझा करने का प्रारूप 33

अनुलग्नक IV : निविदादाता के टीम के सदस्यों का विवरण साझा करने के लिये निर्देश

7.4. निविदादाता के टीम के सदस्यों का विवरण साझा करने का प्रारूप 34

7.5. निविदादाता द्वारा ब्लैक लिस्टेड/डिबार्ड न होने की घोषणा का प्रारूप 35

अनुलग्नक V : तकनीकी प्रस्ताव के लिए दिशा–निर्देश

7.6. तकनीकी निविदा कवर पत्र 36

अनुलग्नक VI: वाणिज्यिक निविदा प्रारूप

7.7. वाणिज्यिक निविदा कवर पत्र 38

अनुलग्नक VII–BG के रूप में EMD का प्रारूप

7.8. बयाना राशि जमा (EMD) के लिए बैंक गारंटी प्रारूप 41

अनुलग्नक VIII–निष्पादन बैंक गारंटी (PBG)

7.9 निष्पादन बैंक गारंटी का प्रारूप 44

अनुलग्नक IX– पावर ऑफ अटॉर्नी 47

अस्वीकरण 48

संक्षेपाक्षर 50

परिभाषाएँ 51


26/02/26

## खंड– 1 परिचय

दिनांक :———/———/2025

राजस्व और भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार इच्छुक कम्पनी/प्रकाशन संस्थानों/सोसाईटी/एकल फर्म/एजेंसियों से मानचित्रण, कार्टोग्राफिंग, प्रकाशन और मुद्रण पुस्तक स्वरूप हेतु प्रस्ताव–सह–रुचि की अभिव्यक्ति (RFP) आमंत्रित करता है। चयनित एजेन्सी बिहार राज्य की सभी नदियों, आर्द्रभूमि, तालाबों, नहर, बाँध तथा प्रधानमंत्री गतिशक्ति के आवश्यक लेयर्स को जिला–स्तरीय मानचित्र (एटलस) प्रकाशित करेगा। भारत सरकार एवं बिहार सराकर के नवीनतम आँकड़ों का व्याख्यात्मक रूप में उपयोग कर इस एटलस को गजेटियर के स्वरुप में प्रकाशित किया जाएगा। राज्य–स्तरीय एवं जिला–स्तरीय हिन्दी एवं अंग्रेजी में इस प्रकाशन हेतु राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों तथा संस्थानों से संबंधित अद्यतन आँकड़ा प्राप्त कर एजेंसी को प्रदान करेगा। जिसे वर्णित एटलस में समायोजित किया जाएगा। प्रकाशित एटलस में रामसर (RAMSAR) सूचित आद्रभूमियों के फ्लोरा–फौना के विवरण के साथ उनकी उपयोगिता से संबंधित सूचनाओं का समावेशन अपेक्षित होगा।

## खंड 2 : प्रस्ताव हेतु अनुरोध

### 2.1. परियोजना का उद्देश्य

एटलस के रूप में यह सचित्र गजेटियर बिहार राज्य के जिलों में अवास्थित जल निकायों एवं गजेटियर संबंधी सामान्य सूचनाओं और प्रामाणिक आँकड़ों से युक्त एक उपयोगी मार्गदर्शिका है। इस जिला–स्तरीय (अंचलवार) एटलस में सम्बंधित जिले की नदियों, आर्द्रभूमियों, तालाबों, आहर, पाईन, नहरों तथा पीएम गति शक्ति के आवश्यक जी आई एस (GIS) लेयर्स को भू–संदर्भित निर्देशांक मानचित्र पर दर्शाया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री गति शक्ति से संबंधित विभिन्न लेयर को भी आवश्यकतानुसार समायोजित करना होगा।

इस एटलस में नदी सम्बंधी आँकड़े बिहार राज्य के जल संसाधन विभाग से; आर्द्रभूमि से संबंधित आँकड़े वन पर्यावरण एवं जलवायु परिर्वतन विभाग से; तालाब संबंधी आँकड़े जल–जीवन–हरियाली मिशन से और प्रधानमंत्री गति शक्ति के आवश्यक जी आई एस (GIS) लेयर्स यथा सड़क, जल स्रोतों एवं जल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण लेयर केंद्र सरकार के Portal से लिए जाएँगे।

यह एटलस न केवल जल से संबंधित उपयोगी जानकारी प्रदान करेगी, अपितु मुद्रित प्रारूप में राज्य के राजस्व ग्रामों के विषय में भी प्रत्यक्ष मानचित्रित सूचना प्रदान करेगी। इन जिला–स्तरीय मानचित्रों में पंचायत और राजस्व ग्रामों की सीमा भी दर्शाई जाएगी, ताकि निम्नतम प्रशासनिक स्तर पर जल निकायों के वितरण को समझा जा सके। जल संबंधी मानचित्रों के अलावा, इस एटलस में राज्य के जिलों के गजेटियर संबंधी तथ्यों और मानचित्रों पर संक्षिप्त परिचयात्मक विवरण भी होंगे। सफल निविदादाता को भारत सरकार एवं राज्य सरकार की नवीनतम आँकडों के साथ इन्हें प्रकाशित करना होगा।

आरएफपी–सह–ईओआई संबंधी दस्तावेज eproc2 (https://eproc2.bihar.gov.in) से निःशुल्क डाउनलोड की जा सकती है।



26/02/26

59

## 2.2. परियोजना की आवश्यकता

जल निकायों को एकल मानचित्र के रूप में प्रदर्शित करने से नीति–निर्माताओं, प्रशासकों एवं शोधकर्त्ताओं के साथ आम पाठकों तक समग्र जानकारी एकल स्वरूप में उपलब्ध हो पायेगी।

## 2.3. कार्य विवरण (एस ओ डब्ल्यू)

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग "STATE LEVEL AND DISTRICT LEVEL (CIRCLE WISE) GAZETTEER-CUM-ATLAS OF WATER BODIES OF BIHAR" बिहार के जल निकायों के राज्य–स्तरीय एवं जिला–स्तरीय (अंचलवार) गजेटियर–सह–एटलस के मानचित्रण, डिजाइनिंग, प्रकाशन एवं मुद्रण का कार्य (अनुक्रमणिका सहित) के लिए निविदा आमंत्रित करता है। विभाग निर्धारित अंतर्राष्ट्रीय वैधानिक मापदंडों के अनुरूप इस एटलस को प्रकाशित करने के लिए एक प्रतिष्ठित और स्थापित प्रकाशन संस्थान की सेवाएं लेना चाहता है। सफल निविदादाता के पास पूर्व में राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार के प्रकाशन, जिसमें कार्टोग्राफिंग, डिजाइनिंग, मुद्रण एवं प्रकाशनके कार्य का अनुभव होना चाहिए।

निविदादाता को मानचित्रण तथा भारत के महासर्वेक्षक और भारत सरकार की संबंधित एजेंसियों से एटलस के मानचित्रों का अनुमोदन, डिजाइनिंग, पाठ्य.सामग्री विकास तथा मुद्रण का तीन वर्षों से अधिक का अनुभव होना चाहिए। निविदादाता को पूर्व में मानचित्रों युक्त एटलस के प्रकाशन या मुद्रण का भी अनुभव होना चाहिए। निविदादाता को प्रस्तावित प्रकाशन के लिए समेकित दर उद्धृत करनी होगी।

## 2.4. प्रदाय प्रकाशन का विवरण

पूर्व प्रकाशित राज्य–स्तरीय गजेटियर–सह–एटलस में नदियों से संबंधित आंकड़े जल संसाधन विभाग, आर्द्रभूमि से संबंधित आँकड़े पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग तथा तालाबों से संबंधित आँकड़े जल जीवन हरियाली मिशन द्वारा उपलब्ध कराये गये थे। इस नए जिलावार संस्करण प्रकाशन में प्रधानमंत्री गतिशक्ति के आवश्यक लेयर को भी आवश्यकतानुसार समायोजित किया जाएगा।

जिलावार संस्करण में भी इन आकडों को अद्यतन प्राप्त कर सर्वे ऑफ इंडिया से क्रय किए गए प्रशासनिक सीमायुक्त अंचलवार मानचित्रों पर दर्शाने का कार्य करना होगा। इन भौगोलिक आँकड़े को दर्शाने के क्रम में अंतर्राष्ट्रीय तथा समुद्री सीमाओं के सीमांकन सम्बन्धी अथवा किसी प्रकार के वैद्यानिक उल्लंघन की जवाबदेही पूर्णतः एजेन्सी की ही होगी। भारत सरकार के विभिन्न संस्थाओं, आर्थिक समीक्षा, बिहार तथा अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय से संबंधित आँकडों को भी प्राप्त कर इस वर्णित संस्करण में अद्यतन करतेहुए समायोजित करना होगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग किसी भी प्रकार की अंतर्राष्ट्रीय सीमा, मानचित्र और डिजाइन संबंधी आँकड़ा उपलब्ध नहीं कराएगा। सफल निविदादाता को ही सभी वांछित मानचित्र सर्वे ऑफ इण्डिया से क्रय कर वैद्यानिक मानकों पर तैयार करना होगा।



26/02/26

## 2.5. कार्य का दायरा

इस प्रस्ताव के दायित्वों के अंतर्गत, चयनित एजेंसी से निम्नलिखित कार्य संपादित करने की अपेक्षा की जाती है:

(i) सफल निविदादाता, जल–जीवन–हरियाली मिशन, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार, जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार एवं अन्य संस्थानों से प्राप्त जल निकायों संबंधी भू–संदर्भित आँकड़ों को अंचलस्तरीय प्रशासनिक मानचित्रों पर प्रदर्शित करेगा। इसमें जल निकायों के अतिरिक्त गजेटियर संबंधी सभी आँकड़ों को भाषाई स्वरूप में गजेटियर–सह–एटलस में समायोजित करना होगा।

(ii) सफल निविदादाता को हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में उपयोग किए गए पैमानों तथा निरूपक भिन्न (आरःएफ) पर ही भारत सरकार से बिहार राज्य और उसके विभिन्न जिलों का प्रशासनिक तथा अंतर्राष्ट्रीय सीमायुक्त मानचित्र प्राप्त करेगा। साथ ही जिलों के मानचित्रों में एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग तथा सीमावर्ती सड़कों को भी निरूपित करना होगा। संपूर्ण मानचित्रण कार्य के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय कानूनी/वैधानिक विषयों की जिम्मेवारी केवल निविदादाता की ही होगी।

(iii) इस गजेटियर–सह–एटलस का प्रकाशन दो स्वरूप में किया जायेगा। प्रथम स्वरूप (पृष्ठों की संख्या–776) दो खण्डों में विभाजित होगा। इस राज्य–स्तरीय एटलस में राज्य के सभी अंचलों का मानचित्र प्रमण्डल एवं जिलावार क्रम में प्रकाशित किया जायेगा। स्थानीय/जिलास्तरीय, प्रशासन द्वारा जल प्रबंधन के उद्देश्य से इस कार्य के द्वितीय स्वरूप में राज्य के सभी अंचलों का मानचित्र जिलावार भी मुद्रित किया जायेगा। इस स्वरूप में पृष्ठों की संख्या जिले में अवस्थित अंचलों की संख्या के आधार पर तय की जायेगी। उपरिउद्धृत दोनों ही स्वरूपों में जल निकायों के मानचित्रों के अतिरिक्त गजेटियर संबंधी सूचनाऐं भी समायोजित रहेंगी।

(iv) सम्पूर्ण जल निकायों के जिला–स्तरीय (अंचलवार) गजेटियर–सह–एटलस यानी प्रस्तावित गजेटियर के पृष्ठों को हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में पृष्ठानुसार इंडेक्सिंग करना होगा।

(v) आवश्यकतानुसार पाठ्य सामग्री के अनुरूप संबंधित मानचित्र भी चयनित एजेंसी को तैयार करना होगा। इन मानचित्रों की भी वैधानिक जबावदेही एजेंसी की ही होगी।

## 2.6. निविदादाता की योग्यता

निविदादाता को निम्नलिखित कार्य पूरा करने में सक्षम होना चाहिए –

क) **मानचित्रण संबंधी कार्यः** भारत सरकार से वांछित पैमाने और प्रतिनिधि अंश पर बिहार राज्य और जिलों के अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर मानचित्रण संबंधी कार्यों का 3 वर्षों का अनुभव।

ख) **मानचित्र अनुमोदनः** एटलस में प्रकाशित मानचित्रों को भारतीय सर्वेक्षण विभाग से अनुमोदन प्राप्ति संबंधी कार्य का अनुभव।

ग) **विषय–वस्तु विकासः** इसका तात्पर्य प्रकाशन के लिए जल निकायों को मानचित्रित करने, भौगोलिक पाठ्य–सूचना और अन्य निदर्शी घटकों को व्यवस्थित करने और विकसित करने की प्रक्रिया के साथ कार्य करने का अनुभव, जिलों का इतिहास, पुरातत्व, भूगोल, मृदा संरचना, जल संसाधन, कृषि, उद्योग, पर्यटन, भूमि–उपयोग आदि से भी है।



26/02/26

57

घ) **डिजाइनिंगः** मानचित्रों और डिजाइनिंग में पृष्ठ संयोजन का अनुभव आवश्यक है, ताकि प्रकाश्यमान एटलस को रचनात्मक, रूचीकर और सूचनात्मक स्वरूप प्रदान किया जा सके।

## 2.7. वित्तीय योग्यता

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार राज्य के जल निकायों का जिला–स्तरीय (अंचलवार) गजेटियर–सह–एटलस के मानचित्रण, डिजाइनिंग, मुद्रण एवं प्रकाशन हेतु प्रतिष्ठित एजेंसियों से RFP आमंत्रित करता है। विभाग यहां सक्षम और पेशेवर एजेंसियों/प्रकाशन गृहों/संस्थानों, जो कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत निबंधित कम्पनियों से RFP के कंडिका 4.3 के अनुरूप प्रस्ताव मांगता है। इच्छुक निविदादाता नए मापदंडों के अनुसार अंचलवार गजेटियर–सह–एटलस तैयार करने के लिए इस निविदा दस्तावेज में निर्दिष्ट न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। भाग लेने वाली एजेंसियों के लिए योग्यता मानदंड RFP दस्तावेज के विभिन्न खंडों के तहत दिए गए हैं।

निविदादाता की एजेंसी का गठन/निगमन की तिथि 3 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। गठन की तिथि के बाद पिछले तीन पूर्ण वित्तीय वर्षों के कारोबार को इस मानदंड के लिए ध्यान में रखा जाएगा। निविदादाता का पिछले तीन वित्तीय वर्षों का प्रतिवर्ष टर्न ओवर 25 लाख रुपये या उससे अधिक होना चाहिए, जो दस्तावेजी प्रमाण/लेखारीक्षित अथवा सीए प्रमाणित खातों के विवरण द्वारा समर्थित हो। (लेखा परीक्षित अथवा बैलेंस शीट तथा लाभ एवं हानि खाता विवरण की प्रतियां प्रस्तुत करें)।

**2.8. मुद्रण:** मानचित्रों के मुद्रण में उच्चतम स्तर की सटीकता अपेक्षित होती है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रकाशन हेतु निविदादाता से नवीनतम मुद्रण तकनीकों का उपयोग अपेक्षित है। मुद्रण का पूर्व का अनुभव से संबंधित प्रमाण हेतु पुस्तक की प्रति संलग्न होनी चाहिए। मुद्रण में जल निकायों और संबंधित प्रशासनिक सीमाओं एवं स्थलों की सटीकता का उच्चतम स्तर पर पालन किया जाना चाहिए। यही सटीकता अंतर्राष्ट्रीय और राज्य एवं अन्य प्रशासनिक सीमाओं के संदर्भ में विशेष रूप से अपेक्षित रहेगी। चूंकि कई मानचित्र दो पृष्ठों में विस्तारित होंगे, इसलिए उत्कृष्टतम स्तर का बाइंडिंग कार्य किया जाना चाहिए।

## 2.9. निविदा मूल्य (EMD) और प्रक्रिया

संपूर्ण निविदा दस्तावेज https://eproc2.bihar.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा। निविदादाता उक्त वेबसाईट से निविदा डाउनलोड कर सकते है। डाउनलोड किए गए निविदा दस्तावेज को इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रक्रिया (ई–प्रोक्योरमेंट/ई–टेंडरिंग) में भाग लेने के लिए वैध माना जाएगा, बशर्ते कि आवश्यक निविदा ईएमडी ऑनलाइन मोड/बीजी के माध्यम से "निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी–सह–अवर सचिव, राजस्व और भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना" के पक्ष में पटना में देय हो और RFP में उल्लिखित निर्धारित तिथि और स्थान के अनुसार भौतिक रूप से जमा किया जाना चाहिए, ऐसा न करने पर निविदा को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे RFP नोटिस के उत्तर में अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पहले इस RFP दस्तावेज़ का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर लें। निविदादाता द्वारा प्रस्तुत निविदा, इस निविदा दस्तावेज़ के नियमों, शर्तों और निहितार्थ की पूरी समझ के साथ सावधानीपूर्वक अध्ययन और जांच के बाद प्रस्तुत किया गया माना जाएगा।

26/02/26

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना
## केवल ई–प्रोक्योरमेंट मोड के माध्यम से https://eproc2.bihar.gov.in
## NIT संख्या–03 / 2025–26

### 2.10. RFP अनुसूची – महत्वपूर्ण तिथियां (NIT: निविदा आमंत्रण सूचना)

| क्र0 सं. | विशिष्टियाँ | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम और पता | उप सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना। |
| 2. | निविदा आमंत्रण सूचना जारी करने की तिथि | दिनांक – **26 / 02 / 2026** |
| 3. | निविदा प्रारंभ करने की तिथि एवं समय | **27 / 02 / 2026** को प्रातः 10:00 बजे से https://eproc2.bihar.gov.in पर |
| 4. | निविदा–पूर्व बैठक की तिथि, समय और स्थान | **05 / 03 / 2026** को अपराह्न 4:00 बजे VC हॉल, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पुराना सचिवालय, पटना–800015 |
| 5. | निविदादाता द्वारा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि और समय (अंतिम तिथि) | **20 / 03 / 2026** अपराह्न 6:00 बजे तक, https://eproc2.bihar.gov.in पर। |
| 6. | अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, समय और स्थान। | **23 / 03 / 2026** को पूर्वाह्न 10:30 बजे तक, बिहार गजेटियर्स, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना |
| 7. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि, समय और स्थान | **23 / 03 / 2026** को पूर्वाह्न 11:00 बजे VC हॉल, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पुराना सचिवालय, पटना–800015 |
| 8. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि, समय और स्थान | तकनीकी निविदा के निष्पादन के उपरांत, वित्तीय निविदा के लिए समय एवं तिथि की घोषणा की जायेगी। |
| 9. | निविदा की वैधता | 90 दिन |

10. **कार्य का विवरण :–**

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | EMD की राशि | निविदा प्रसंस्करण शुल्क (ऑनलाइन भुगतान किया जाने वाला गैर–वापसी योग्य शुल्क) | कार्य पूरा होने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | "STATE LEVEL AND DISTRICT LEVEL (CIRCLE WISE) GAZETTEER-CUM-ATLAS OF WATER BODIES OF BIHAR" बिहार के जल निकायों के राज्य–स्तरीय एवं जिला–स्तरीय (अंचलवार) गजेटियर–सह– एटलस (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) के मानचित्रण, डिजाइनिंग, प्रकाशन एवं मुद्रण का कार्य अनुक्रमणिका सहित। | 2,00,000/- (केवल दो लाख रूपया मात्र) | रु. 5,900/- (नॉन रिफंडेबल) | 18 महीने |



26/02/26

55

नोटः विभाग अपनी सुविधानुसार उपरोक्त तिथियों में से किसी एक या सभी तिथियों में परिवर्तन कर सकता है। इसकी सूचना https://eproc2.bihar.gov.in/https://state.bihar.gov.in/lrc पर उपलब्ध रहेगा। विभाग किसी भी सर्वर विफलता, डाक में देरी या दस्तावेजों की गैर–प्राप्ति/गैर–डिलीवरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

26.02.26

(डॉ0 सुनील कुमार)
सरकार के उप सचिव

26/02/26

## 2.11. निविदा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी

| क्र.सं0 | मद | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सुरक्षा / बयाना राशि जमा (EMD) | 2,00,000 / – (केवल दो लाख रूपया मात्र) राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक द्वारा जारी Online/ BG के रूप में ईएमडी, "निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी–सह–अवर सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना" के पक्ष में, पटना में देय, 180 दिनों की वैधता अवधि के साथ। |
| 2 | निविदा प्रसंस्करण शुल्क (ई–प्रोक्योरमेंट) | रु.5,900/- (वापसी योग्य नहीं) 18% जीएसटी सहित, ई–भुगतान मोड अर्थात NEFT/RTGS@ क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड के माध्यम से https:// eproc2.bihar.gov.in |
| 3 | निष्पादन बैंक गारंटी (PBG) | अनुबंध मूल्य का 5% से कम नहीं होगा, जो निर्धारित प्रपत्र–7.8 अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में होगा। |
| 4 | संचार, स्पष्टीकरण मांगने और प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए नाम और पता | बिहार गजेटियर्स,<br>राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार,<br>पटना–800015<br>टेलीफोन नंबर : 9470092436 / 9934400209 |
| 5 | किसी भी तकनीकी या वेबसाइट से संबंधित सहायता के लिए | eproc 2.0 हेल्प डेस्क का पता : एम जंक्शन सर्विसेज लिमिटेड, आर जे कॉम्प्लेक्स, द्वितीय तल, केनरा बैंक कैम्पस, खाजपुरा, आशियाना रोड, थाना – शास्त्री नगर, पटना 800014, टोल फ्री नंबर – 18005726571 (सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक),<br>ई–मेल–eproc2support@bihar.gov.in |

## 2.12. ई–टेंडरिंग प्रक्रिया से संबंधित निर्देश

निविदादाता को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निविदा के लिए निविदा प्रस्तुत करने के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया प्रस्तुत करनी होगी। https://eproc2.bihar.gov.in पर नीचे दी गई प्रक्रिया द्वारा: https://eproc2.bihar.gov.in पर प्रस्तुत करेगा।

2. ई–टेंडरिंग प्रक्रिया में भाग लेने से पहले निविदादाता के पास क्लास II/III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) और ई–टेंडरिंग वेबसाइट का ई–टेंडरिंग यूजर–आईडी होना चाहिए। निविदादाता के पास अगर पहले से ही DSC है तो वे उसका इस्तेमाल कर सकते हैं। वे किसी भी अधिकृत एजेंसी से DSC भी ले सकते हैं। यूजर–आईडी के लिए उन्हें ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc2.bihar.gov.in पर खुद को रजिस्टर करवाना होगा और अपनी बोलियां ऑनलाइन प्रस्तुत करना होगा। ऑफलाइन बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी।

26/02/26

(53)

3. निविदादाताओं को अपनी पात्रता और योग्यता का विवरण, तकनीकी निविदा, वित्तीय निविदा आदि, संबंधित चरण में ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर दिए गए ऑनलाइन मानक प्रारूपों में ही प्रस्तुत करना होगा। निविदादाताओं को अपनी पात्रता मानदंड/तकनीकी बोलियों और अन्य प्रमाणपत्र/दस्तावेजों के समर्थन में सभी प्रासंगिक प्रमाणपत्रों, दस्तावेजों आदि की स्कैन की गई प्रतियाँ ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर अपलोड करनी होंगी। निविदादाता अपने द्वारा अपलोड किए गए सहायक कथनों, दस्तावेजों, प्रमाणपत्रों पर डिजिटल रूप से हस्ताक्षर करेगा और उनकी सत्यता/प्रामाणिकता की जिम्मेदारी लेगा। निविदादाता को निविदा नोटिस और निविदा दस्तावेज के अनुसार निविदा प्रस्तुत करने के दौरान अपलोड करने के बाद निविदा के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने होंगे।

4. सभी आवश्यक दस्तावेज उचित स्थान पर और उचित नामावली के साथ क्रमानुसार संलग्न किए जाने चाहिए (जैसा कि ई–फॉर्म के कंडिका 4.3 में उल्लेखित है) अन्यथा निविदादाता की निविदा अस्वीकार कर दी जाएगी।

5. निविदा प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान केवल ई–भुगतान मोड (अर्थात एनईएफटी/आरटीजीएस, नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड) के माध्यम से किया जाना है।

6. सभी आवश्यक परिभाषित निविदा दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे।

7. बयाना राशि जमा (EMD) का भुगतान ऑनलाईन मोड अथवा BG के माध्यम से किया जा सकता है। ईएमडी की मूल हार्डकॉपी जो BG या कोई अन्य उपकरण हो सकती है, उसे निर्धारित तिथि से पहले निविदा प्राधिकरण कार्यालय में जमा कर देना चाहिए। इसकी प्रमाणित तीन प्रतियाँ ईएमडी के साथ जमा करनी होंगी।

नोटः "आवश्यक ऑनलाइन भुगतान के साथ बोलियां ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in के माध्यम से RFP में निर्दिष्ट तिथि और समय से पहले प्रस्तुत की जानी चाहिए। इंटरनेट कनेक्शन की अनुपलब्धता, नेटवर्क ट्रैफिक/छुट्टियों या किसी अन्य कारण से होने वाली देरी/निविदा प्रस्तुत न करने/ऑनलाइन भुगतान के गैर–समाधान के लिए विभाग कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा। "

## खंड 3: निविदादाताओं के लिए निदेश

### 3.1 सामान्य

1. यद्यपि कार्यों को सम्पन्न करने हेतु व्यापक और सटीक पृष्ठभूमि, जानकारी और आवश्यकताओं के अनुरूप सहायता प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा, तथापि निविदादाता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक समाधान का आकलन करने और प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र हैं। निविदादाता इस RFP के संबंध में अपने स्वयं के कानूनी सलाहकारों से परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

2. विभाग द्वारा चयनित एजेन्सी को कार्य सौंपे जाने पर निविदादाताओं द्वारा दी गई सभी सूचनाएं निविदादाताओं पर संविदात्मक रूप से बाध्यकारी मानी जाएंगी।

3. किसी भी प्रकार की कोई प्रतिबद्धता, संविदात्मक या अन्यथा तब तक प्रभावी नहीं होंगी, जब तक कि विभाग द्वारा या उसकी ओर से औपचारिक लिखित अनुबंध निष्पादित नहीं कर दिया जाता है। विभाग की कोई भी अधिसूचना निविदादाता के किसी भी अधिकार को जन्म नहीं देगी। विभाग द्वारा या उसकी ओर से औपचारिक लिखित अनुबंध

26/02/26

52

निष्पादित किए जाने से पहले किसी भी समय बिना कोई कारण बताए विभाग इस सार्वजनिक निविदा को रद्द कर सकता है।

4. यह RFP किसी भी पिछले सार्वजनिक दस्तावेजीकरण एवं संचार का स्थान लेगा तथा निविदादाताओं को पूर्व के किसी संचार पर कोई भरोसा नहीं करना चाहिए।

## 3.2 अनुपालन प्रस्ताव/प्रतिक्रिया की पूर्णता

1. निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे RFP दस्तावेज़ में दिए गए सभी निर्देशों, प्रपत्रों, शर्तों, आवश्यकताओं और अन्य सूचनाओं का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। उनके द्वारा निविदा प्रस्तुत करने के कार्यों को RFP दस्तावेज़ की शर्तों/आवश्कताओं को सावधानी पूर्वक जांच करने और उसके निहितार्थों को पूरी तरह समझने के बाद किया गया माना जाएगा।

2. पिछले पैराग्राफ की आवश्यकताओं का अनुपालन न करने पर प्रस्ताव को गैर–अनुपालन माना जा सकता है और प्रस्ताव को अस्वीकार किया जा सकता है।

3. निविदादाताओं द्वारा निम्न का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

(i). इस RFP में निर्दिष्ट सभी दस्तावेज कंडिका 7.2 के अनुरूप क्रमवार शामिल करें,

(ii). इस RFP के प्रारूप का पालन करें और प्रत्येक तथ्य का जवाब इस RFP में बताए गए क्रम में दें,

(iii). इस RFP में निर्धारित सभी शर्तों का अनुपालन करें।

## 3.3. निविदा संबंधी प्रश्न और निविदा–पूर्व बैठक

1. इस निविदा दस्तावेज़ से संबंधित निविदादाताओं की सभी पूछताछ ईमेल आईडी : revgazetteerbihar@gmail.com पर प्रेषित की जानी चाहिए (केवल एक्सेल प्रारूप में) प्रश्नों को अनिवार्य रूप से अनुलग्नक–I में दिए गए प्रारूप के अनुसार प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

2. विभाग द्वारा संभावित निविदादाताओं द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों (यदि कोई हो) के लिए एक प्री–बिड मीटिंग का आयोजन किया जायेगा। इस बैठक की तिथि, समय और स्थान अनुभाग 2.10 (NIT: निविदा आमंत्रण सूचना) में दिए गए हैं। निविदादाताओं के प्रतिनिधि अपनी खर्च पर प्री–बिड मीटिंग में भाग ले सकते हैं। प्री–बिड मीटिंग का उद्देश्य निविदादाताओं को अपनी शंकाओं को दूर करने/स्पष्टीकरण प्राप्त करने या अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

3. निविदादाताओं को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पहले, प्रस्तावित कार्य को समझने हेतु प्री–बीड बैठक में भाग लेना चाहिए। प्री–बीड बैठक के उपरांत (RFP-cum-EOI) की शर्तों के संबंध में किसी भी बदलाव की जानकारी मांगने अथवा दावा को स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदादाता को संबंधित प्रक्रियाओं और निष्पादित किये जाने वाली कार्य–प्रणाली का सम्पूर्ण ज्ञान होना चाहिए।



26/02/26

(51)

4. निर्दिष्ट समय सीमा के बाद प्रस्तुत किए गए प्रश्नों या निर्दिष्ट प्रारूप का पालन न करने वाले प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया जा सकता है। प्रश्नों के सभी उत्तर (स्पष्टीकरण/शुद्धिपत्र) निविदा वेबसाइट https://eproc2.bihar.gov.in पर समयानुसार उपलब्ध कराए जाएंगे। निविदा–पूर्व प्रश्न प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय इस RFP में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार होगा।

5. आरएफपी के लिए स्पष्टीकरण

इस आरएफपी दस्तावेज के संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण, आरएफपी आमंत्रण नोटिस के प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के गजेटियर अनुभाग को लिखित रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

### 3.4 शुद्धि पत्र जारी करना

1. विभाग द्वारा प्री–बिड कॉन्फ्रेंस के पश्चात पूछे गये प्रश्नों का औपचारिक रूप से उत्तर दिया जायेगा। ध्यातव्य है कि इस RFP के प्रावधानों के अनुसारप्री–बिड प्रश्न अथवा शंकाओं को प्रस्तुत करने की समय सीमा के बाद कोई भी प्रश्न स्वीकार नहीं किया जाएगा।

2. विभाग सभी प्रश्नों का उत्तर समय पर देने का प्रयास करेगा। हालाँकि, विभाग किसी भी उत्तर की पूर्णता या सटीकता हेतु संकल्पित नहीं है तथा निविदादाताओं द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिये भी विभाग वचनबद्ध नहीं है।

3. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि से पहले किसी भी समय, विभाग किसी भी कारण से, चाहे अपनी पहल पर या किसी संभावित निविदादाता द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण के जवाब में, एक शुद्धिपत्र के माध्यम से RFP दस्तावेज़ को संशोधित कर सकता है। शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) और सभी निविदादाताओं के प्रश्नों के स्पष्टीकरण वेबसाइट https://eproc2.bihar.gov.in पर पोस्ट कर दिये जाएंगे।

4. इस प्रक्रिया में जनित कोई भी शुद्धिपत्र इस RFP में सम्मिलित माना जाएगा। संभावित निविदादाताओं को शुद्धिपत्र पर विचार करने की समय–सीमा विभाग अपने विवेक पर निर्धारित करेगा।

### 3.5. बयाना राशि जमा

अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के पक्ष में पटना में देय ऑनलाईन भुगतान अथवा किसी भी अनुसूचित बैंक के BG के रूप में रु. 200000/– बयाना राशि को चिह्नित लिफाफे में जमा करना होगा। सफल निविदादाता के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के पश्चात् असफल निविदादाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी। सफल निविदादाता की ईएमडी अपेक्षित कार्य सम्पन्न होने के पश्चात ही वापस की जाएगी। सफल निविदादाता की बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी, यदि:

i) निविदादाता अपना प्रस्ताव वापस ले लेता है।

ii) निविदादाता मूल प्रस्ताव में किसी भी नियम व शर्त में संशोधन की मांग करता है।

### 3.6. EMD जमा करने का तरीका

1. EMD वाले लिफाफे पर बिहार के जल निकायों के जिलावार गजेटियर–सह–एटलस के मानचित्रण, डिजाइनिंग, प्रकाशन एवं मुद्रण का कार्य

26/02/26

(अनुक्रमणिका सहित) हेतु प्रस्ताव–सह–रुचि की अभिव्यक्ति हेतु अनुरोध के लिए EMD (संदर्भ संख्याः 03/2025-26)" लिखा होना चाहिए। लिफाफा बिहार गजेटियर्स, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना पर निविदा जमा करने की अंतिम तिथि से पहले भौतिक रूप से या डाक द्वारा जमा किया जाना चाहिए।

2. प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय EMD की स्कैन प्रति भी ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी चाहिए।

## 3.7. विलंबित निविदा और निविदा वैधता अवधि

1. किसी भी कारण से निर्धारित तिथि और निर्दिष्ट समय (विस्तारित अवधि सहित, यदि कोई हो) के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें ई–टेंडरिंग प्रणाली में भी नहीं खोला जाएगा। निविदा की सभी शर्तें नियत तिथि से 18 माह की अवधि के लिए वैध रहनी चाहिए। विभाग बिना किसी पत्राचार के, 18 माह से कम समय के लिए वैध निविदा को गैर–उत्तरदायी मानकर अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विशेष परिस्थितियों में, विभाग निविदादाता से वैधता अवधि के विस्तार की मांग कर सकता है। अनुरोध अथवा प्रतिक्रिया लिखित रूप में की जानी चाहिए। निविदादाता द्वारा वैधता अवधि का विस्तार बिना शर्त करना होगा। इस हेतु प्रदान की गई EMD भी पर्याप्त रूप से विस्तारित होगी। वैधता का विस्तार करने वाले निविदादाता को अपनी तकनीकी या वित्तीय निविदा को संशोधित करने की अनुमति नहीं होगी।

## 3.8. निविदा प्रक्रिया समाप्त करने का अधिकार

1. विभाग किसी भी समय बिना कोई कारण बताए निविदा प्रक्रिया को समाप्त कर सकता है। विभाग ऐसी कोई प्रतिबद्धता नहीं जताता, चाहे वह व्यक्त हो या निहित, कि इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप किसी के साथ कोई व्यापारिक लेन–देन होगा।

2. इस प्रक्रिया में निविदादाता की भागीदारी के परिणामस्वरूप विभाग अनुबंध के निष्पादन की दिशा में आगे की वार्त्ताओं और बातचीत में शामिल होने के लिए निविदादाता का चयन कर सकता है। हालाँकि, इस तरह की बातचीत की शुरुआत विभाग द्वारा अनुबंध निष्पादित करने या बातचीत जारी रखने की प्रतिबद्धता को नहीं दर्शाती है। विभाग बिना कोई कारण बताए किसी भी समय बातचीत समाप्त कर सकता है।

3. निविदादाता के कार्य/अनुबंध को विभाग निम्न परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है :

(i) कार्य आरम्भ करने में असफल रहा हो, या बिना किसी वैध कारण के अपेक्षित कार्य को 30 कार्य दिवस से अधिक समय तक स्थगित रखा हो।

(ii) इस अनुबंध के अंतर्गत निविदादाता द्वारा पालन किए जाने वाले सभी या किसी भी नियम, कार्य, विषयों या शर्तों का पालन करने में उपेक्षा की हो या असफल रहा हो।

(iii) किसी भी तरह से विभाग के हित, गरिमा, नाम या प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाला कार्य किया हो।

(iv) बिना अधिकार के इस अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करते हुए कार्य किया हो या अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया हो।



26/02/26

49

## 3.9. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की विधि :

1. ई– प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर निविदा के लिए निविदा प्रस्तुत करने के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया प्रस्तुत करनी होगी।

2. (क) ''बिहार के जल निकायों के जिलास्तरीय (अंचलवार) गजेटियर–सह–एटलस और इस RFP-cum-EOI दस्तावेज में उल्लेखित पुस्तक के मानचित्रण, डिजाइन, मुद्रण एवं प्रकाशन के लिए दो लिफाफा प्रणाली (''तकनीकी निविदा'' और ''वित्तीय निविदा'') में सीलबंद किए गए प्रस्ताव RFP-cum-EOI (विज्ञापन संख्या–3 / 2025–26) के आमंत्रण नोटिस में उल्लिखित तिथि तक या उससे पहले गजेटियर शाखा, राजस्व और भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार को प्रस्तुत करना होगा।

ख) निविदादाता अथवा फर्म का पूरा नाम और पता आरएफपी–सह–ईओआई वाले लिफाफे में अंकित होना चाहिए। इसे लिफाफे के निचले बाएं कोने पर लिखा जाना चाहिए।

## 3.10. निविदा जमा करने का प्रारूप

1. इस RFP में विनिर्दिष्ट प्रारूप के अनुसार ही सम्पूर्ण प्रस्ताव को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

2. RFP में निर्दिष्ट पात्रता मानदंडों की पुष्टि नहीं करने वाली निविदा को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

3. फर्जी अभिलेख प्रस्तुत करने पर भी निविदा को अस्वीकार कर दिया जाएगा। विभाग फर्जी / जाली सूचना देने वाले निविदादाता के विरूद्ध उचित कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा।

4. किसी भी निर्धारित प्रारूप से विचलन वाली निविदा अस्वीकृत की जा सकती हैं।

5. निविदादाताओं को RFP में उल्लिखित तकनीकी योग्यता मानदंड और वित्तीय प्रस्ताव से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज केवल RFP में उल्लिखित वेबसाइट पर ही जमा करने होंगे। निविदादाता को RFP के खंड 4.3 (तकनीकी योग्यता मानदंड) और अनुलग्नक II के अनुसार दस्तावेजों की हार्ड कॉपी भी जमा करनी होगी ।

6. प्रस्ताव के दोनों खण्डों (तकनीकी प्रस्ताव और वित्तीय प्रस्ताव) को क्रम संख्या के आधार पर ऑनलाइन प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। साथ ही प्रस्तुत अभिलेख की सूची भी संलग्न करनी होगी (अनुलग्नक II के अनुरूप)।

7. निविदा जमा करने की प्रक्रिया

इच्छुक निविदादाता को तकनीकी योग्यता मानदंड एवं तकनीकी मूल्यांकन हेतु RFP की कंडिका 4.3 एवं 4.4.3 के अनुरूप सीलबंद लिफाफों में आवश्यक कागजात (प्रपत्र) जमा करना होगा।

## 3.11. प्रदाय सामग्री (प्रकाशित होने वाले गजेटियर–सह–एटलस ) की विशिष्टियाँ

चयनित एजेंसी को "DISTRICT LEVEL (CIRCLE WISE) GAZETTEER-CUM-ATLAS OF WATER BODIES OF BIHAR" बिहार के जल निकायों के जिला–स्तरीय (अंचलवार) गजेटियर–सह–एटलस के मानचित्रण, डिजाइनिंग, प्रकाशन एवं मुद्रण का कार्य (अनुक्रमणिका सहित) के लिए मुद्रित स्वरुप में उपलब्ध कराना होगा। प्रदाय की जानेवाली सामग्री निविदा– प्रपत्र की गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप होनी चाहिए।

26/02/26

(क) पुस्तक का आकार –11.6"x16.5"
(ख) पुस्तकों की संख्या–RFP की कंडिका 5.3 अथवा कार्यादेश के अनुरूप।
(ग) पृष्ठों की कुल संख्या –RFP की कंडिका 5.3 के अनुरूप।
(घ) Text Paper – 100 GSM - Art Paper Matt Finish अच्छे गुणवत्ता युक्त A ग्रेड मिल की होनी चाहिए (नमूना संलग्न)।
(ड़) Cover Paper – कंडिका 5.3 के क्रम संख्या 1 में वर्णित पुस्तक–सह–एटलस का कभर Hard bound with quality binding on fully automatic mattfinish एवं क्रम संख्या 2 का कभर Soft Bound- 300GSM का होगा।
(च) बाईंडिग – Thread Glue binding (धागा युक्त गोंद बंधन)।

### 3.12. बिहार खरीद अधिमानता नीति, 2024

बिहार वित्त संशोधन नियमावली, 2024 के कंडिका–131ख एवं बिहार खरीद अधिमानता नीति, 2024 के कंडिका–8 के अनुरूप " **स्थानीय उद्यम** " को खरीद अधिमानता प्रदान की जायेगी।

### 3.13. भाषा

1. इस RFP के उत्तर में प्रस्तुत किए जाने वाले सभी निविदा दस्तावेज हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में होने चाहिए। सहायक दस्तावेज/प्रमाण पत्र भी केवल हिंदी/अंग्रेजी भाषा में हो सकते हैं।
2. RFP की कंडिका 5.3 में वर्णित जिला–स्तरीय (अंचलवार) गजेटियर–सह–एटलस का प्रकाशन हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में करना है। जिसमें विषय–वस्तु एवं भाषा की मौलिकता को बनाए रखना होगा।

### 3.14. मुद्रा

1. यह प्रस्ताव केवल भारतीय रुपए में ही दिया जाना चाहिए।

### 3.15. गोपनीयता

1. सफल निविदादाता को प्रकाशित सामग्री के बारे में गोपनीयता तब तक बनाए रखनी होगी जब तक कि वह प्रकाशित न हो जाए या सार्वजनिक प्रदर्शन/बिक्री के लिए उपलब्ध न हो जाए।

### 3.16. अन्य शर्त्तें

1. जमा किये गये सभी कागजात स्व0 अभिप्रमाणित होना चाहिए।
2. उपरोक्त वर्णित सभी तकनीकी शर्त से संबंधित कागजात क्रमवार पेज नं0 सहित संलग्न करना होगा।

**3.** (क) प्रकाशन सामग्रियों के पृष्ठों की संख्या में कमी/वृद्धि हो सकती है, दर उसी हिसाब से समानुपातिक रूप से (pro rata basis के आधार पर) संशोधित माना जायेगा। सफल निविदादाता कार्य सम्पन्न करने के उपरांत संशोधित दर के अनुसार अपना विपत्र उपस्थापित कर भुगतान प्राप्त कर सकेंगे।
(ख) गजेटियर–सह–एटलस (मानचित्रण) एवं विषयवस्तु संबंधी 'अन्य कार्य' भी विभाग द्वारा चयनित एजेंसी को समान शर्तों पर दिया जा सकता है। विभाग द्वारा चयनित एजेंसी को समान प्रकृति के दिये गये कार्यादेश हेतु RFP की कंडिका 7.6 के कंडिका–1 में वर्णित दर के अनुसार (समानुपातिक रूप में) भुगतान किया जायेगा।
(ग) प्रस्तावित दरों में ही परिवहन, पैकेजिंग, विभाग में डिलीवरी आदि को शामिल समझा जाए।



26/02/26

(घ) वित्तीय निविदा में जीएसटी की राशि का उल्लेख निविदादाता अलग से करेंगे। जीएसटी की दर जीएसटी नियमावली के अनुसार निर्धारित होगी।

(ड.) ऐसे प्रस्ताव जो RFP-CUM-EOI दस्तावेज में निर्धारित शर्तों के अनुरूप नहीं होंगे, उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

**4.** निविदादाता द्वारा दिया गया स्वघोषणा एवं शपथ पत्र में किसी भी प्रकार की विसंगति पाये जाने की स्थिति में निविदादाता के विरूद्ध उचित कार्रवाई करने हेतु विभाग स्वतंत्र होगा।

**5.** विवादों का निपटारा :

इस RFP अथवा अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन संबधी विवाद की स्थिति में न्यायिक वाद व्यवहार न्यायालय, पटना में ही लाये जा सकेंगे। उनके द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

## खण्ड 4: निविदा प्राप्ति की पद्धति

### 4.1. निविदा खोलना

1. प्रस्ताव/निविदा खोलते समय पूर्ण पारदर्शिता बरती जाएगी और पूर्व निर्धारित मानकों का पालन किया जाएगा।

2. विभाग निर्धारित निविदा खोलने, स्थगित या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

3. सर्वप्रथम, eproc2 के माध्यम से तकनीकी–योग्यता प्रस्ताव खोले जाएंगे। जिन निविदाओं के साथ अपेक्षित EMD नहीं होगी या जिनकी EMD सही नहीं होगी, उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा। केवल वे निविदा ही खोलने के लिए मान्य होंगी, जिनके लिए EMD संलग्न होगी।

4. निर्धारित तिथि और समय के अनुसार, तकनीकी अर्हता प्राप्त निविदादाताओं के वित्तीय प्रस्ताव खोले जाएंगे। सभी बोलियाँ निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी, जो इसमें भाग लेना चाहते हैं।

5. निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाले एक/सभी निविदादाताओं की अनुपस्थिति की स्थिति में भी विभाग सभी निविदादाताओं की बोलियां खोलने की प्रक्रिया जारी रखेगा।

6. निविदा खोलने के दौरान, निविदा दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच की जाएगी, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि क्या वे पूर्ण हैं, क्या आवश्यक निविदा सुरक्षा प्रस्तुत की गई है, क्या दस्तावेजों पर उचित रूप से हस्ताक्षर किए गए हैं और क्या बोलियाँ सामान्य रूप से क्रम में हैं। ऐसी प्रारंभिक आवश्यकताओं के अनुरूप न होने वाली निविदाओं को प्रथम दृष्टया अस्वीकार कर दिया जाएगा। विभाग को किसी भी समयनिविदा को अस्वीकार करने का अधिकार है।

### 4.2. मूल्यांकन प्रक्रिया

**1.** प्राप्त निविदाएं खोले जाने के उपरांत निविदा की स्वीकृति हेतु गठित निविदा मूल्यांकन समिति (Bid Evaluation Committee) निविदाओं का मूल्यांकन करेगी। इस मूल्यांकन को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में तकनीकी निविदाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। तकनीकी प्रस्ताव का मूल्यांकन पात्रता मानदंड, कार्य का अनुभव और एजेंसी की प्रस्तुति के आधार पर किया जाएगा। संबंधित निविदाकारों की निविदा में उल्लिखित सामग्री, उनकी व्यवसायिक क्षमता, समान प्रकार के कार्य करने का पूर्वानुभव

एवं कार्य दक्षता आदि का आंकलन किया जाएगा तथा कार्य करने में सक्षम निविदाकारों का चयन किया जाएगा।

**2.** इस मूल्यांकन प्रक्रिया का सम्पूर्ण उद्देश्य बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की संदर्भित परियोजना के लिए एक सक्षम और योग्य फर्म का चयन करना है। निविदा मूल्यांकन समिति निविदादाताओं के तकनीकी–योग्यता प्रस्ताव की समीक्षा करेगी ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि निविदादाता/निविदादाताओं द्वारा RPF की कंडिका 4.3 में उल्लिखित आवश्यकताएं को पूरा किया गया है या नहीं।

**3.** अधूरे या आंशिक प्रस्ताव अयोग्य माने जाऐंगे। वे सभी निविदादाता जो तकनीकी–योग्यता प्रस्ताव की सभी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, उन्हें वित्तीय प्रस्ताव खोलने के लिए चुना जाएगा।

**4.** निविदा मूल्यांकन समिति तकनीकी–योग्य निविदादाताओं के तकनीकी प्रस्ताव की समीक्षा करेगी ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि तकनीकी प्रस्ताव पर्याप्त रूप से सही हैं या नहीं। जो निविदाऐं पर्याप्त रूप से सही नहीं हैं, उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और निविदा मूल्यांकन समिति को आवश्यकता होने पर स्पष्टीकरण पूछने का अधिकार है।

**5.** निविदा मूल्यांकन समिति निविदादाताओं को RFP में विस्तृत तकनीकी मूल्यांकन मानदंडों के आधार पर तकनीकी रूप से सफल घोषित करेगी। RFP में निर्दिष्ट शर्त्तों के आलोक में तकनीकी रूप से सफल निविदादाता ही वित्तीय मूल्यांकन हेतु अर्हता प्राप्त करेंगे।

**6.** तकनीकी रूप से योग्य निविदादाताओं के ही वित्तीय प्रस्तावों को खोला जाएगा और उनकी समीक्षा की जाएगी, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि क्या वित्तीय प्रस्ताव पूर्ण और आवश्यकताओं के अनुरूप है। भ्रामक वित्तीय प्रस्तावों को निविदा प्रक्रिया से अलग कर निविदा प्रक्रिया को संपन्न किया जायेगा।

**7.**समान दरें प्राप्त होने की स्थिति में बिहार में स्थित और तुलनात्मक रूप से अधिक अनुभवी निविदाकार को वरीयता दी जाएगी।

26/02/26

45

## 4.3. तकनीकी–योग्यता मानदंड

1. निविदादाता को नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तकनीकी–योग्यता शर्तों को पूरा करना होगा।

| क्र0 सं0 | अनिवार्य अर्हताएँ | आवश्यक अभिलेख | नाम पद्धति |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदादाता फर्म/प्रकाशक को भारतीय कम्पनी अधिनियम 1956/2013 अथवा प्रोपराइटरशिप अथवा सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1861/सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (MSME/MSEs)के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए। | स्थापना का प्रमाण। | PQ-01 |
| 2. | कोटेशन के साथ MSEs के अन्तर्गत निबंधित निविदाताओं को छोड़कर अन्य निविदादाताओं को Bid Security/Earnest Money Deposit (EMD) के रूप में 2,00,000/- (दो लाख रूपये) का BG (Bank Guarantee)/ Online अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के पक्ष में देय हो। | EMD की मूल प्रति। | PQ-02 |
| 3. | निविदादाता को जी.एस.टी. से निबंधित होना चाहिए। | संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति। | PQ-03 |
| 4. | निविदादाता को आयकर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए। | पैन कार्ड की छाया प्रति। | PQ-04 |
| 5. | आयकर रिटर्न पत्र एवं बैंलेस सीट वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 की प्रति संलग्न करना होगा। | पिछले तीन वित्तीय वर्षों के बैलेंस सीट की छायाप्रति। | PQ-05 |
| 6. | निविदादाता का पिछले तीन वर्षों का टर्न ओवर कम–से–कम 25 लाख रुपया प्रति वर्ष होना चाहिए। | पिछले तीन वित्तीय वर्षों के टर्न ओवर की प्रतिलिपि। | PQ-06 |
| 7. | कार्टोग्राफिक (मानचित्रण) अनुभव : निविदादाता को निर्दिष्ट पैमाने और भू–निर्देशांक पर भौगोलिक निर्देशांक और अन्य आवश्यक विशेषताओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रशासनिक सीमा युक्त स्थानों/स्थलों के कार्यों को शैक्षिणिक–सह–भौगोलिक एटलस में प्रदर्शित करने का अनुभव। | प्रकाशित अथवा मुद्रित शैक्षिणिक–सह–भौगोलिक एटलस के कभर की प्रति। | PQ-07 |

26/02/26

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | निविदादाता को शैक्षिणिक–सह–भौगोलिक एटलस संबंधी पुस्तकों की छपाई (अंग्रेजी और हिन्दी भाषाओं में) के कार्यों का 3 वर्षों का अनुभव होना चाहिए। | शैक्षिणिक–सह–भौगोलिक एटलस के कभर की प्रति। | PQ-08 |
| 9. | निविदादाता का किसी भी सरकारी/ अर्धसरकारी या गैर सरकारी संस्थान के द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया हो। | तत्संबंधित घोषणा पत्र, (Notary द्वारा शपथ पत्र के रूप में संलग्न करना होगा)–कडिका 7.4 के अनुरूप। | PQ-09 |
| 10. | अधिकृत हस्ताक्षर | निविदा प्रक्रिया के लिए अधिकृत व्यक्ति को सौंपी गई मूल पावर ऑफ अटॉनी और अनुलग्नक VIII में दिए गए प्रारूप के अनुसार निविदा प्रस्तुत करना। | PQ-10 |
| 11. | कवर लेटर (अनुलग्नक–V के अनुरूप) | पुस्तक के प्रकाशन से संबंधित कवर लेटर। | PQ-11 |
| 12. | निविदादाता का विवरण साझा करने का प्रारूप (अनुलग्नक–III) | कम्पनी के लेटर हेड पर निविदादाता का विवरण अंकित करना। | PQ-12 |
| 13. | निविदादाता के टीम के सदस्यों का विवरण साझा करने का प्रारूप (अनुलग्नक–IV)। | कम्पनी के लेटर हेड पर सदस्यों का विवरण अंकित करना। | PQ-13 |

26/02/26

43

### 4.4 तकनीकी निविदा

### 4.4.1. तकनीकी निविदा खोलना

1. विभाग निविदादाताओं अथवा उनके नामित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में तकनीकी निविदाऐं eproc2 पर निर्धारित विहित रिति से खोलेगा और जो भी प्रतिभागी इसमें सम्मिलित होना चाहे, वह RFP के कंडिका–2.5 में निर्दिष्ट तिथि, समय और स्थान पर उपस्थित हो सकता है।

2. सभी निविदाऐं eproc2 के माध्यम से खोली जाएँगी और सभी प्रस्तुत दस्तावेजों की आवश्यक जाँच की जाएगी।

3. विभाग निविदा खुलने का रिकॉर्ड तैयार करेगा, जिसमें कम–से–कम निम्न शामिल होगा :– निविदा में भाग लेने वाले का नाम और क्या निविदा वापस ली गई है, प्रतिस्थापन किया गया है या संशोधन किया गया है और EMD की मौजूदगी या अनुपस्थिति। उपस्थित निविदा लगाने वाले के प्रतिनिधियों से उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध किया जाएगा।

4. निविदा खोलने की बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति के नाम का अधिकार पत्र, निविदा खोलने के दौरान निविदादाता के लेटरहेड पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

### 4.4.2. तकनीकी बोलियों का मूल्यांकन

1. केवल उन निविदादाताओं की तकनीकी बोलियों पर विचार किया जाएगा, जो तकनीकी चरण में अर्हता प्राप्त करेंगे, तथा इस खंड में दिए गए मूल्यांकन–मानदंडों के अनुसार ही उनका मूल्यांकन किया जाएगा।

2. तकनीकी मूल्यांकन समिति इस खंड के तहत निर्धारित तकनीकी योग्यता मानदंडों के आधार पर योग्य निविदादाताओं के तकनीकी प्रस्तावों का मूल्यांकन करेगी और निर्धारित मापदण्डों के आधार पर उन्हें सफल/असफल घोषित किया जाएगा। स्कोरिंग पद्धति का सारांश कंडिका 4.4.3. में दिया गया है।

3. चयन पद्धति :–गुणवत्ता–सह–लागत आधारित चयन (QCBS 70:30)।

तकनीकी बोली स्कोर को 70% (ST द्वारा दर्शाया गया) का महत्व मिलेगा और वित्तीय निविदा स्कोर को 30% (SF द्वारा दर्शाया गया) का महत्व मिलेगा।

अनुबंध प्रदान करने के प्रयोजनार्थ सफल निविदादाता के चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी।

A. तकनीकी स्कोर (ST) की गणना

T= व्यक्तिगत निविदादाता द्वारा प्राप्त तकनीकी अंक

TH = निविदादाता द्वारा प्राप्त उच्चतम तकनीकी अंक

ST = व्यक्तिगत निविदादाता द्वारा प्राप्त तकनीकी स्कोर

निविदादाता द्वारा तकनीकी स्कोर (ST) की गणना

26/02/26 ST = 100X(T/TH) (2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)

B. वित्तीय स्कोर (SF) की गणना

FL= निविदादाता द्वारा उद्धृत न्यूनतम कुल वित्तीय निविदा की राशि

F= व्यक्तिगत निविदादाता द्वारा उद्धृत कुल वित्तीय निविदा की राशि

SF= व्यक्तिगत निविदादाता द्वारा प्राप्त वित्तीय अंक

निविदादाता के वित्तीय स्कोर (SF) की गणना :

SF = 100x(FL / F) (2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित).

C. अंतिम समग्र स्कोर (S) की गणना

प्रत्येक निविदादाता के लिए अंतिम समग्र स्कोर (S) की गणना तकनीकी स्कोर (ST) को 70% और वित्तीय स्कोर (SF) को 30% महत्व देते हुए नीचे दिए गए फार्मूले का उपयोग करके की जाएगी।

S = (STx0.7) + (SF x0.3) (2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)

उच्चतम अंतिम समग्र स्कोर वाले ($H_1$) निविदादाता को अनुबंध प्रदान किया जाएगा।

26/02/26

41

**4.4.3. तकनीकी मूल्यांकन प्रारूप** : तकनीकी निविदा का मूल्यांकन निम्नलिखित अंकन प्रारूप पर किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य विवरण | पात्रता मानदंड | तकनीकी अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्टोग्राफिक (मानचित्रण) कार्य | **क.** निर्दिष्ट पैमाने और भू–निर्देशांक पर शैक्षिणिक –सह–भौगोलिक एटलस हेतु निर्देशांक और अन्य आवश्यक विशेषताओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रशासनिक सीमा एवं स्थानों/स्थलों के मानचित्रण (कार्टोग्राफिक) के कार्य का अनुभव। | 15 |
| | | **ख.** जल निकायों से संबंधित सूचनाओं को मानचित्रों पर प्रदर्शित करने का अनुभव। | 10 |
| 2. | द्विभाषीय पाठ्य सामग्री विकास | मानचित्रों के साथ अन्य संबंधित तथ्यों/पाठ्य –सामग्री/विषय–वस्तु के द्विभाषीय शैक्षिणिक–सह–भौगोलिक एटलस के प्रकाशन या मुद्रण का अनुभव। (एजेंसी द्वारा प्रकाशित उपरोक्त पुस्तकों की नमूना प्रतियां तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए)। | 10 |
| 3. | एटलस संबंधी मानचित्रों का भारत के महासर्वेक्षक (SOI) द्वारा अनुमोदन | भारतीय सर्वेक्षण विभाग से मानचित्रों या एटलस के अनुमोदनयुक्त प्रकाशन का अनुभव (भारत के महासर्वेक्षक द्वारा अनुमोदित मानचित्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करें)। | 10 |
| 4. | टीम वर्क (GIS Expert) | निविदा हेतु इच्छुक फर्म/प्रकाशन संस्थान में मानचित्र प्रकाशन/कार्टोग्राफिक अनुभव (GIS Expert) वाले व्यक्तियों की संख्या कम–से–कम दो (2) होनी चाहिए (CV संलग्न)। | 10 |
| 5. | एटलस का डिजाईनिंग, प्रकाशन और मुद्रण का अनुभव | (a) विस्तृत विषय–वस्तु और अनुक्रमणिका के साथ शैक्षणिक–सह–भौगोलिक मानचित्रों के डिजाईनिंग, मुद्रण या प्रकाशन का 3 वर्षों का अनुभव – 5 अंक।<br>(b) विस्तृत विषय–वस्तु और अनुक्रमणिका के साथ शैक्षणिक–सह–भौगोलिक मानचित्रों के डिजाईनिंग, मुद्रण या प्रकाशन का 10 वर्षों का अनुभव (एटलस या मानचित्र पुस्तकों की नमूना प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए) – 10 अंक। | 10 |
| 6. | गजेटियर –सह–एटलस के प्रकाशन का अनुभव | बिहार सरकार के साथ गजेटियर–सह–एटलस के प्रकाशन–कार्य का सफल अनुभव या कार्य समापन का पत्र आदेश। | 5 |
| 7. | आईएसबीएन | निविदादाताओं के पास आईएसबीएन (ISBN) आबंटित होना चाहिए। (केन्द्र सरकार द्वारा ISBN के आबंटन संबंधी पत्र संलग्न किया जाना चाहिए) | 5 |
| 8. | क्रियान्वयन प्रस्तुति | एजेंसी द्वारा परियोजना के समयबद्ध क्रियान्वयन की प्रस्तुति | 25 |

26/02/26

नोट : निविदादाता द्वारा eproc2 पर प्रकाशित पुस्तकों की कवर पेज की छायाप्रति तथा तकनीकी मूल्यांकण के समय तकनीकी अंकों की गणना करने हेतु संपूर्ण पुस्तक प्रस्तुत करना होगा। तकनीकी पात्रता से संबंधित प्रमाण–पत्र क्रमवार संलग्न करना होगा।

2. निविदादाताओं को ऊपर बताए गए मानदंडों के समर्थन में संबंधित दस्तावेज संलग्न करने की सलाह दी जाती है, जिससे मूल्यांकन समिति निविदादाता की कार्य–क्षमता का उचित मूल्यांकन कर यथोचित अंक आंवटन कर सके। उपर्युक्त प्रत्येक मानदंड के लिए अंक मूल्यांकन समिति द्वारा दिए जाएंगे।

3. निविदादाताओं द्वारा प्रस्तुत सामग्री के मूल्यांकन के विषय में निर्णय हेतु मूल्यांकन समिति स्वतंत्र रहेगी। तकनीकी निविदाओं के मूल्यांकन के बाद केवल उन निविदादाताओं की वित्तीय निविदाएं खोली जाएंगी, जिन्होंने तकनीकी निविदा में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त किए हों।

4. तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी। तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के निष्पादन हेतु QCBS पद्धति से तकनीकी एवं वित्तीय निर्धारित भारिता के अनुरूप मूल्यांकन के पश्चात् महत्तम अंक ($H_1$) वाले निविदादाता को ही सफल माना जायेगा। यदि महत्तम अंक ($H_1$) दो या दो से अधिक निविदादाताओं को बराबरी की स्थिति में हो, तो पूर्व में की गयी वाटर वॉडीज के प्रकाशन से संबंधित कार्यानुभव के आधिक्य के आधार पर कार्य आंवटित किया जायेगा।

### 4.4.4. स्पष्टीकरण

यदि आवश्यक समझा जाए तो विभाग निविदा लगाने वाले से किसी भी बिन्दु पर स्पष्टीकरण की मांग कर सकता है। हालांकि, इससे निविदा डालने वाले को निविदा या उद्धृत मूल्य में किसी प्रकार का परिवर्तन करने या परिवर्तन कराने का अधिकार नहीं होगा। विभाग, यदि चाहे तो, निविदादाता से निविदा के स्पष्टीकरण के उद्देश्य से एक प्रस्तुति देने के लिए कह सकता है। इस प्रयोजन में होने वाले सभी खर्च, साथ ही दस्तावेजों की तैयारी और अन्य बैठकों के आयोजन में होने वाले व्यय निविदादाता द्वारा वहन किए जायेगें।

## 4.5 अनुबंध प्रक्रिया

### 4.5.1. निरस्तीकरण अधिकार:

सम्पूर्ण निविदा या उसके किसी भी भाग को विभाग द्वारा बिना कोई कारण बताये निरस्त किया जा सकता है। विभाग किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने तथा निविदा प्रक्रिया को रद्द करने और अनुबंध करने से पहले किसी भी समय किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इससे प्रभावित निविदादाता या निविदादाताओं के प्रति विभाग का कोई दायित्व नहीं होगा। प्रभावित निविदादाता या निविदादाताओं को विभागीय कार्रवाई के आधारों के विषय में भी सूचित करने का विभाग का कोई दायित्व नहीं होगा।

### 4.5.2. स्वीकृति पत्र

निविदा की वैधता अवधि समाप्त होने से पहले, विभाग सफल निविदादाता को लिखित या ईमेल द्वारा सूचित करेगा कि उसकी निविदा स्वीकार कर ली गई है। निविदादाता का



26/02/26

स्वीकृति पत्र अनुबंध का आधार बनेगा। सफल निविदादाता को कार्यादेश देने के पश्चात् विभाग प्रत्येक असफल निविदादाता को तुरंत सूचित करेगा।

### 4.5.3. अनुबंध पर हस्ताक्षर

विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले कार्यादेश पत्र में उल्लिखित समय–सीमा के भीतर सफल निविदादाता को विभाग के साथ 1000/- के गैर न्यायिक स्टाम्प पर अनुबंध समझौता करना होगा।

### 4.5.4. निष्पादन बैंक गारंटी

1. सफल निविदादाता को कार्यादेश/अनुबंध पर हस्ताक्षर की तिथि से 30 कार्य दिवसों के भीतर निष्पादन बैंक गारंटी (PBG) जमा करनी होगी।

2. PBG किसी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से बिना शर्त और अपरिवर्तनीय होना चाहिए, जो निविदादाता द्वारा अनुबंध के उचित निष्पादन और पूर्ति के लिए मांग पर देय हो।

3. PBG अनुबंध की मुद्रा के अनुसार होगा और बैंक गारंटी निर्धारित प्रपत्र में अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में होगा।

4. यह PBG अनुबंध मूल्य के 5% के बराबर राशि होगी। निष्पादन बैंक गारंटी के संबंध में प्रीमियम, कमीशन आदि जैसे सभी शुल्क निविदादाता द्वारा ही वहन किए जाएंगे।

5. सफल निविदादाता के साथ अनुबंध पूरा होने (कार्य समापन) के बाद साठ दिनों की अवधि तक निष्पादन बैंक गारंटी वैध रहेगी। निष्पादन बैंक गारंटी में निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन, अनुबंध पूरा होने के साठ दिनों के बाद, निष्पादन बैंक गारंटी स्वतः ही समाप्त हो जाएगी।

6. विभाग द्वारा यह संतुष्टि होने पर कि अनुबंध के तहत निविदादाता द्वारा दायित्वों का उचित निष्पादन किया गया है, निष्पादन बैंक गारंटी को वापस कर दिया जायेगा। निष्पादन बैंक गारंटी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। निष्पादन बैंक गारंटी का प्रारूप अनुलग्नक–VI में दिया गया है।

